# बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

( बिहार सरकार का एक उपक्रम )

पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, नजदीक राजापुर पुल, पटना–800001
फोन नं.-0612-2558412 वेबसाईट- http://buidco.in

## नियोजन हेतु विज्ञापन

No. BUIDCo/गठन–82/2025 – 41 Date: 27/05/26

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, बिहार (जो पूर्णतः बिहार सरकार का एक उपक्रम है) निम्नांकित पदों के लिए प्रतिनियुक्ति, संविदा/अनुबंध पर नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित करता है–

| क्र० | पद का नाम | अर्हता | कुल पद | आरक्षण कोटि | अधिकतम उम्र सीमा (दि0– 01.05.2026 को) | वेतन/नियत पारिश्रमिक प्रति माह |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | प्रबंधक (वित्त) Manager (Finance) | CA/ICWA with minimum 03 years of relevant experience. | 02 (दो) | अनारक्षित-01<br>अनुसूचित जाति - 01 | बिहार सरकार द्वारा निर्धारित उम्र–सीमा के अनुसार –<br>अनारक्षित (पुरुष) - 37 वर्ष<br>अनारक्षित (महिला) - 40 वर्ष<br>पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पु0/म0)- 40 वर्ष<br>अनुसूचित जाति (पु0/म0)- 42 वर्ष | संविदा/अनुबंध पर नियत वेतन रुपया 60,000/- |

सामान्य निर्देश :–

1. आवेदित पद का नाम लिफाफे के ऊपरी हिस्से पर स्पष्ट तौर पर लिखा होना चाहिए।
2. उक्त सभी पद व्यवसाय निषेध (नन प्रैक्टिसिंग) है।
3. राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित बाह्य परियोजनाओं पर कार्य किए हुए व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0 में उक्त पदों पर संविदा/अनुबंध पर नियोजित होने के बाद किसी अन्य संस्था/कार्यालय/स्थान पर अपनी सेवा देना वर्जित होगा।
5. अनुबंध की अवधि एक वर्ष की होगी जो बाद में कार्य मूल्यांकन के आधार पर बढ़ायी जा सकती है।
6. विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र का प्रारूप बुडको के **website : http://buidco.in** के Career Option से प्राप्त किया जा सकता है।
7. **आवेदन पत्र के साथ दो फोटोग्राफ, स्वअभिप्रमाणित शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, उम्र प्रमाण पत्र, दो स्वपता लिखा (25 X 10 से0मी0) लिफाफा, जिस पर 41–41 रू0 का डाक टिकट सटा हो, संलग्न कर भेजना होगा।** पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र सिर्फ निर्धारित विहित प्रपत्र में **Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd (BUIDCo), # West Boring Canal Road, Near Rajapur Pul, Patna- 800001 के पते पर दिनांक– 30.06.2026 को 05.00 बजे अपराह्न तक अवश्य प्राप्त हो जाना चाहिए।**
8. **पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन सिर्फ रजिस्टर्ड डाक/स्पीड–पोस्ट द्वारा ही स्वीकार किया जायेगा।**
9. आवेदन शुल्क– गैर आरक्षित, अ0पि0वर्ग, पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार हेतु **रुपया 500/–** एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार हेतु **रुपया 250/–** का राष्ट्रीकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो प्रबंध निदेशक, बुडको के नाम भुगतेय होगा आवेदन के साथ मूलरूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। यह **Non Refundable** होगा।
10. अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा वैसा आवेदन जिनमें ऑकडे पूर्ण रूप से भरे नहीं गये हों अथवा योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न या स्वअभिप्रमाणित नहीं हो वैसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. प्रबंध निदेशक, BUIDCo के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि उपरोक्त पद के लिए दिये गए आवेदन को वे बिना कारण बताए निरस्त कर सकते हैं एवं परिस्थिति विशेष में नियोजन की प्रक्रिया स्थगित अथवा रद्द कर सकते हैं।
12. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है एवं इसका यह मतलब नही होगा कि निर्धारित न्यूनतम योग्यताधारी सभी आवेदकों को बुलावा पत्र (**Call Letter**) भेजा जायेगा। BUIDCo के पास निर्धारित मापदण्डो के आधार पर आवेदन पत्रो की संवीक्षा का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
13. उच्चतर शैक्षणिक योग्यता एवं संबधित कार्यक्षेत्र के अनुभव प्राप्त आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
14. यदि शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र गलत, अवैध अथवा फर्जी पाया जाता है तो न केवल नियोजन उपरांत उनका अनुबंध रद्द किया जायेगा अपितु उनके विरूद्ध आपराधिक मामला भी दर्ज किया जायेगा तथा मानदेय सहित सभी प्रकार का भुगतान, जो बुडको द्वारा किया गया है, उसकी वसूली भी की जायेगी।
15. **इस आशय का शपथ–पत्र आवदेन के साथ मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा कि संबंधित को किसी तरह का नैतिक अधमता/भ्रष्टाचार के किसी अपराध में विधि न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है एवं उनके विरूद्ध विधि न्यायालय में वर्तमान में कोई आपराधिक कार्यवाही/मामला नहीं चल रहा है। साथ हीं इस आशय का भी शपथ–पत्र आवेदन के साथ मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा कि संबंधित के विरूद्ध कोई निगरानी का मालमा/विभागीय कार्यवाही/गंभीर आरोप विचाराधीन/दण्ड अधिरोपित नहीं है।**
16. **प्रबंधक (वित्त) के पद पर आवेदन के साथ अनुभव प्रमाण–पत्र के साक्ष्य के रूप में वर्णित पूर्ण अवधि का संबंधित संस्था/कम्पनी से प्राप्त किये गये वेतन का Bank Statement/TDS Certificate/Form-16 में से कोई एक अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।**
17. **BUIDCo reserves the right to shortlist candidates for written test/ interview.**
18. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र पटना होगा।

25/5

प्रबंध निदेशक
बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0

Scanned with OKEN Scanner